


हाथरस, अलीगढ, मथुरा व लखनऊ से प्रकाशित
सांध्य दैनिक
# राजपथ
भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र




RNI NO- UPHIN2000/005249 वर्ष : 26 अंक : 027 हाथरस 29 जनवरी 2026 गुरुवार पृष्ठ : 04 मूल्य : रूपया एक

## सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर लगाई रोक, 2012 वाले नियम रहेंगे लागू




नई दिल्ली न्यूज एजेंसी। यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रोक लगी दी है। इस मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए। इसी के साथ पीठ ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देनेद्ध विनियम 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।

अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नए नियम अस्पष्ट हैं। कोर्ट के कहा कि नए यूजीसी नियमों का दुरुपयोग हो सकता है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रह हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए।

इसी के साथ नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर दिया। वहीं याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने कहाए आज सीजेआई ने हमारी दलीलों की सराहना की। हमें कहना होगा कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी जीत है।

जैसा कि हम खास तौर पर तीन मुद्दों के बारे में बात कर रहे थे एक है सेक्शन 3सी जो जातिगत भेदभाव के बारे में बात करता है और उस खास सेक्शन मेंए सामान्य जाति को बाहर रखा गया है और बाकी सभी जातियों को शामिल किया गया है। तो यह खास सेक्शन यह संदेश दे रहा है कि एससी एसटी और ओबीसी के साथ सामान्य जाति द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह सीजेआई के सामने हमारी दलील थी और उन्होंने हमारी दलील की सराहना की और खास तौर पर कहा कि हम जो कह रहे हैं वह सही है और अगर ऐसे सेक्शन हैं तो यह निश्चित रूप से सामान्य जाति के लिए बहुत कठोर और भेदभावपूर्ण होगा और इसमें संशोधन किया जाना चाहिए।

दूसरा हिस्सा इक्विटी कमेटी के संबंध में है जो इन नए यूजीसी सेक्शन के सेक्शन 18 के तहत बनाई गई है। इन खास नियमों में सामान्य समुदाय के लिए कोई खास प्रतिनिधित्व नहीं बताया गया है।

सीजेआई ने भी हमारी इस दलील को माना और सुझाव दिया कि एक खास कमेटी बनाई जानी चाहिए जिसमें शिक्षाविद सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हों जिन्हें इस खास विषय का ज्ञान हो और अब यह मामला 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध है और उम्मीद है कि कुछ अच्छा होगा। दरअसल यूजीसी रेगुलेशन 2026 को 23 जनवरी 2026 को नोटिफाई किया गया था।

जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद इसे कई याचिकाकर्ताओं ने मनमाना भेदभावपूर्ण और संविधान के साथ साथ यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट 1956 का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं।

## श्री गोविंद भगवान मंदिर की 142वीं वर्षगांठ पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) शहर के ऐतिहासिक श्री गोविंद भगवान मंदिर में बुधवार को मंदिर स्थापना की 142वीं वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और देर रात तक मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के तहत भगवान श्री गोविंद भगवान के आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार के साथ भक्तों को विशेष दर्शन कराए गए। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से पूजा.अर्चना संपन्न कराई गई।

इसके पश्चात आयोजित भजन संध्या में भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों की धुन पर भक्त झूमते गाते नजर आए और पूरा मंदिर परिसर भक्ति संगीत से गूंज उठा।

देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा और अनुशासन के साथ दर्शन व प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष मुकुल आनंद वार्ष्णेय, महामंत्री रंजीत वार्ष्णेय एडवोकेट, प्रबंधक शैलेंद्र वार्ष्णेय सर्राफ कोषाध्यक्ष योगेश वार्ष्णेय कुल्ली सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रियांक वार्ष्णेय, तनु आनंद, अमन वार्ष्णेय, इशू वार्ष्णेय और डॉ राहुल वार्ष्णेय की भी उपस्थिति रही।

## 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या, लूट के बाद वारदात की आशंका



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) जनपद के हसायन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रनगर सिकतरा गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग महिला का शव उसके ही घर के बरामदे में संदिग्ध हालात में मिला। मृतका के कान और नाक से सोने के आभूषण गायब थे जिससे लूटपाट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतका की पहचान 62 वर्षीय मालती देवी उर्फ मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय केंद्र पाल सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार रात करीब नौ बजे तक महिला घर के अंदर दूध गर्म करती हुई देखी गई थीं और उस समय घर का मुख्य द्वार खुला था। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे जब वह दिखाई नहीं दीं तो पड़ोसियों ने उनके घर जाकर देखा। घर का दरवाजा भिड़ा हुआ था लेकिन अंदर से कुंडी नहीं लगी थी। अंदर प्रवेश करने पर महिला का शव बरामदे में पड़ा मिला। उनके कान और नाक से कुंडल व लोंग गायब थे तथा कान से खून निकलने के निशान भी मिले जिससे हत्या की पुष्टि होती है। घटना की सूचना मिलते ही हसायन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मालती देवी के पति का लगभग नौ वर्ष पूर्व बीमारी के दौरान निधन हो चुका था। उनकी कोई संतान नहीं थी और उनके नाम पर करीब 25 बीघा कृषि भूमि दर्ज बताई जा रही हैए जिस बिंदु को भी पुलिस जांच में शामिल कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक जैनेन्द्र नाथ अस्थाना और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद्र गौतम ने बताया कि महिला का शव उनके घर में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद इन्द्रनगर सिकतरा गांव में भय और शोक का माहौल है। मृतका के मायके पक्ष को भी सूचना दे दी गई है।

## नि:स्वार्थ सेवा संस्थान ने जरूरतमंद बेटी के विवाह में किया सहयोग



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की मिसाल उस समय देखने को मिली जब नि:स्वार्थ सेवा संस्थान ने एक जरूरतमंद बिटिया के विवाह में कन्यादान कर उसके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई।

संस्थान की इस पहल ने यह सिद्ध किया कि जब समाज साथ खड़ा होता है तो किसी भी परिवार की चिंता खुशी में बदल सकती है। विवाह जैसे पावन अवसर पर आर्थिक अभाव से जूझ रहे परिवार की सहायता के लिए संस्थान आगे आया। बिटिया के गृहस्थ जीवन की शुरुआत को सहज बनाने हेतु संस्थान की ओर से आवश्यक गृहस्थी व श्रृंगार सामग्री कन्यादान स्वरूप प्रदान की गई। सहायता पाकर बिटिया और उसके परिवार के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि कन्यादान केवल माता पिता का दायित्व नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम के दौरान बिटिया एवं उसके परिजनों को संस्थान की ओर से प्रतीक.चिह्न भेंट कर पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। परिवारजनों ने भावुक होकर संस्थान के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, समन्वयक चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सह.सचिव निष्कर्ष गर्ग, सतेंद्र मोहन, विशाल सोनी, सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु एसडीआरएफ वाहन को दिखाई हरी झंडी




हाथरस। (सू0वि0) जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी अतुल वत्स ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से एसडीआरएफ वाहन को हरी झंडी दिखाकर आपदा मित्र स्वयंसेवकों के दल को राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ के लिए रवाना किया। यह दल आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्य"म के अंतर्गत 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। इस चरण में जनपद से चयनित 50 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया है। जिलाधिकारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण के बाद ये आपदा मित्र जनपद में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और त्वरित राहत कार्यों में प्रभावी योगदान देंगे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि आपदा मित्र परियोजना के तहत अब तक जनपद से 79 आपदा मित्रों को पहले ही प्रशिक्षण के लिए लखनऊ भेजा जा चुका है। जनपद के कुल 100 आपदा मित्रों स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाना है जिसमें से शेष 21 स्वयंसेवकों को भी आज इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया है। जिला आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आगजनीए बाढ़ आकाशीय बिजली सर्पदंश भूकंप सहित विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा खोज एवं बचाव तथा राहत कार्यों की व्यावहारिक तकनीकें सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर आपदा मित्रों को आपदा किट एवं बीमा पॉलिसी भी प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक आपदा लिपिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश की आत्मा की जीत : यूजीसी नियमों पर रोक को लेकर बोले अलंकार अग्निहोत्री



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाए जाने के फैसले को लोकतंत्र और देश की आत्मा की जीत बताया है। गुरुवार को हाथरस पहुंचे अग्निहोत्री का राष्ट्रीय सवर्ण परिषद की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। मीडिया से बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने समय रहते हस्तक्षेप कर छात्रों और देशहित में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यदि यह निर्णय पहले ही सरकार द्वारा लिया गया होताए तो न्यायालय को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस दौरान उन्होंने एससी.एसटी एक्ट को समाप्त करने की मांग दोहराते हुए कहा कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाताए तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सामान्य और ओबीसी वर्ग के लोगों से इस मुद्दे पर आगे आकर ज्ञापन देने की अपील की। अग्निहोत्री ने जनप्रतिनिधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई निर्वाचित प्रतिनिधि जनता के मुद्दों से दूर होकर निजी हितों और संपत्ति विस्तार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद संबंधित जनप्रतिनिधियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने 1 फरवरी को भारत बंद और 7 फरवरी को प्रस्तावित सद्भावना यात्रा में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की। यह आंदोलन राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के बैनर तले प्रस्तावित बताया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के संस्थापक अध्यक्ष पंकज धवरैया, जोगेंद्र सिंह, प्रवीण वार्ष्णेय, सुरेश अग्रवाल, शुभम शर्मा, गौरव उपाध्याय, संदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अलंकार अग्निहोत्री का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

## नगर में मनमाने दामों पर बिक रहीं सिगरेट, दुकानदार लूट रहे और ग्राहक लुट रहा




हाथरस।(राजपथ ब्यूरो) सरकार द्वारा 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों और सिगरेट पर नई एक्साइज ड्यूटी लागू किए जाने से पहले ही हाथरस में सिगरेट के दाम आसमान छूने लगे हैं। शहर के बाजारोंए चौराहों और गली.मोहल्लों की दुकानों पर तय तारीख से पहले ही सिगरेट 2 से 4 रुपये तक महंगी बेचकर उपभोक्ताओं से खुलेआम वसूली की जा रही है। हकीकत यह है कि 10 रुपये वाली सिगरेट 12 रुपये में और 18 रुपये की सिगरेट 21 से 22 रुपये में बेची जा रही है। जब ग्राहक दुकानदारों से इसका विरोध करते हैं तो उन्हें टालू जवाब मिलता है रेट स्टॉकिस्ट और सेल्समैन ने बढ़ा दिए हैं हमारे हाथ में कुछ नहीं। यह हालात किसी एक दुकान तक सीमित नहीं हैं बल्कि लगभग पूरे शहर में एक जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बीते महीने ऐलान किया था कि 1 फरवरी 2026 से सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर नई एक्साइज ड्यूटी लागू होगी। इसके तहत नॉन फिल्टर और 65 मिलीमीटर तक की सिगरेट की कीमतों में 2 से 3 रुपये की बढ़ोतरी तय मानी जा रही है जबकि लंबी और प्रीमियम सिगरेट पर 5 से 8 रुपये या उससे अधिक की वृद्धि संभावित है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सरकार द्वारा तय नई कीमतों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैंए लेकिन बिना एक्साइज लागू हुए ही दाम बढ़ा देना सरासर गलत और लूट के बराबर है। लोगों का आरोप है कि स्टॉकिस्ट और दुकानदार मिलीभगत कर पहले से ही मुनाफाखोरी कर रहे हैं जबकि प्रशासन पूरी तरह खामोश बना हुआ है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और खाद्य एवं कर विभाग से मांग की है कि तय एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने वालों के खिलाफ तत्काल छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यह मनमानी और बढ़ सकती हैए जिसका सीधा बोझ आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा।

## जीटी रोड पर पुलिस से भिड़े बाइक सवार युवक, किये गिरफ्तार



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) नगर क्षेत्र के व्यस्त जीटी रोड पर गुरुवार सुबह उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब संदिग्ध हालात में जा रहे तीन बाइक सवार युवकों की पुलिस से झड़प हो गई। घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है जब पेट्रोलिंग पर तैनात पुलिस टीम ने युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा इशारा किए जाने पर युवक बाइक मोड़कर तेज गति से फरार होने लगे। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया। कुछ दूरी तय करने के बाद एक युवक बाइक से उतर गया और पुलिसकर्मियों से बहस करने लगा। देखते ही देखते युवक ने पुलिसकर्मी के साथ धक्का मुक्की और हाथापाई शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से जीटी रोड पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने स्थिति को संभालते हुए युवक को काबू में किया। उसके दो अन्य साथियों को भी घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया गया। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गएए जिससे यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद पुलिस तीनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जीटी रोड पर हुए इस घटनाक्रम की चर्चा दिनभर इलाके में होती रही।

## शहर में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त, कार्यवाही के दौरान हुई नोंकझोंक

हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) जिलाधिकारी अतुल वत्स के निर्देशन में नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफसख्त अभियान जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने घंटाघर से नजिहाई बाजारए रूई की मंडी, पत्थर बाजार होते हुए नयागंज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान कुछ दुकानदारों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच नोंकझोंक भी देखने को मिली हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल की मदद से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। प्रशासन की ओर से नियमों का उल्लंघन करने वाले कई अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे गए। एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह ने व्यापारियों और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था और आम जनता की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुकानदार यदि स्वयं आगे बढ़कर अतिक्रमण हटा लें तो अनावश्यक कार्रवाई और चालान से बचा जा सकता है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाजारों में सुचारु आवागमन और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी के संकट से बचना है तो करें भूजल संरक्षण

**लखनऊ , एजेंसी।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के रिवर बैंक कॉलोनी स्थित सभागार में बुधवार को भूजल स्तर में गिरावट का प्रभाव, एक भयावह भविष्य हमारी प्रतीक्षा कर रहा है विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा समस्तीपुर (बिहार) के पूर्व कुलपति प्रो. आरसी श्रीवास्तव ने कहा कि आमजन को पानी के संकट से बचना है तो भूजल संरक्षण करें। देश में लगातार गिरते भूजल स्तर से भविष्य में परेशानी हो सकती है। मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति ने गिरते भूजल स्तर के कृषि, पेयजल, पर्यावरण व मानव जीवन पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पानी का समझदारी से इस्तेमाल करने व सतत इंजीनियरिंग समाधानों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ता आईईआई के अध्यक्ष वीपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और भूजल प्रबंधन में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में आईईआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीबी सिंह, अध्यक्ष सत्य प्रकाश की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजक केपी त्रिपाठी और संचालन एनके निषाद ने किया। अभियंता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद व छात्र शामिल हुए।

### हाटा तहसीलदार पर भाई का आरोप- फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र से हासिल की नौकरी

**कुशीनगर , एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रकरण में सीएम योगी आदित्यनाथ के समर्थन में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सिंह के इस्तीफे के बाद उनकी बहन हाटा तहसीलदार जया सिंह भी विवादों के घेरे में आ गई हैं। प्रशांत और जया के बड़े भाई विश्वजीत सिंह ने दोनों पर फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी पाने का आरोप लगाया है। विश्वजीत ने यह भी आरोप लगाया है कि अयोध्या में तैनात रहे प्रशांत ने इस्तीफा जांच और रिकवरी से बचने के लिए दिया। इन आरोपों के बाद प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई है। हालांकि जया का कहना है कि पारिवारिक विवाद के कारण ये आरोप लगाए गए हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। मालूम हो कि मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां गांव निवासी 48 वर्षीय प्रशांत सिंह ने मंगलवार दोपहर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पर लगातार टिप्पणी की है। इससे आहत होकर होकर वे अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।हालांकि इसके बाद उनके भाई ने जांच और रिकवरी के डर से इस्तीफे की बात कहते हुए मामले को नया एंगल दे दिया। उनका आरोप है कि प्रशांत ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। उसके अलावा उनकी छोटी बहन जया सिंह, जो हाटा की तहसीलदार हैं उन्होंने भी फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर ही नौकरी हासिल की है।मामले की शासन में शिकायत की गई है, जिसके बाद जांच से बचने के लिए प्रशांत ने इस्तीफा दिया। अपने ऊपर लगे आरोप को हाटा तहसीलदार जया सिंह बेबुनियाद बता रही हैं। उन्होंने कहा कि यह आरोप सुनकर वह खुद हैरान हैं। कहा कि पूरा मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

### एक से तीन साल की पढ़ाई, सैलरी मिलेगी मोटी

**आगरा , एजेंसी।** अब बेहतर कॅरिअर के लिए लंबी पढ़ाई ही एकमात्र रास्ता नहीं रह गया है। एक से तीन वर्ष के डिप्लोमा कोर्स करके भी छात्र अच्छी कंपनियों में बेहतर प्लेसमेंट हासिल कर रहे हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जून से शुरू होने की संभावना है। ऐसे में छात्रों के पास अभी से अपने कॅरिअर की योजना बनाने का अच्छा मौका है। कॉर्पोरेट और व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े कई डिप्लोमा कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन कोर्सों के माध्यम से छात्र कम समय में व्यावहारिक कौशल हासिल कर रोजगार की राह आसान बना रहे हैं। विवि के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी संस्थान (केएमआई) के निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने बताया कि संस्थान में फ्रेंच, रूसी और जर्मन भाषा के डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं। इन कोर्सों को पूरा करने के बाद छात्र कॉर्पोरेट कंपनियों, ट्रैवल, टूरिज्म और अन्य अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। बेहतर प्लेसमेंट पा रहे हैं।

# गांव की बदली तस्वीर... मंच से मिला सम्मान

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रधान गांव के विकास की मुख्य धुरी होते हैं। वे ठान लें तो गांव की तस्वीर बदल सकते हैं। विकास में सरकार का उन्हें पूरा सहयोग मिलता है। एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने बुधवार को ये बातें कहीं। उन्होंने गांव का विकास करने वाले प्रधानों को स्मृतिचिह्न और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये प्रशस्ति पत्र दर्शाते हैं कि यदि एक प्रधान ठान ले तो वह अपनी ग्राम पंचायत में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम में मंडल के जिलों से चयनित शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्राम प्रधान शामिल हुए।

**इन प्रधानों का भी बढ़ाया मान :** सुनीता नबीनगर, राम मनोहर बजगीहा खास, मो. साबिर जौखंडी, सीमा देवी खरगापुर, रोशनी घोडसारा, विनोद कुमार बलसिंह खेड़ा, सर्वेश जमालपुर, संतोष राजपूत खटोला, कुलदीप कुमार भगवतीपुर, अखिलेश प्रताप सराय जनहा, विकास पटेल सलेमपुर, रेनू अवस्थी जबरौली, महेंद्र कुमार भानपुर लाला, अशोक कुमार रावत समेसी, मुरलीधर दीक्षित सैदपुर, जैकरन अक्खरपुर दबे, सूरजपाल रहीम नगर, दीपक सिंह भमईपुर, विजय कुमार चौरसिया हरदोइया, विनोद कुमार वर्मा आदमपुर, तरुण शुक्ला लतीफनगर, तारा भटगांव, सरवन कुमार सहजनपुर, राकेश रावत तेरवा, सर्वेश कुमार महमूदपुर, कुंती चौरसिया निवा, मिट्ठू लाल सैदपुर, विपिन महदौली, आनंद यादव मुजफ्फरनगर, सुधीर कुमार करोरा, संतोष कुमार यादव बड़ागांव, लेखराम लोधी मुबारकपुर, अनिल कश्यप करीमाबाद, ममता रावत सलेमपुर, राजेश पपनामऊ, राम मनोहर जुग्गौर, गया प्रसाद मौर्य दादूपुर, अंकुर प्रताप सिंह सराय शहजादी, सुनील कुमार ऐन, लवकुश यादव सिकंदरपुर, सुरेश कुमार बद्दीसिटी, सुमन रावत रायभान खेड़ा, कुसुम लता सोनी भगवानपुर, शिव बरन सिंह रतनपुर, दिव्यांशु त्रिपाठी पिपरसन, श्यामा देवी उदयपुर, कैलाश लाल चौरसिया बघोना, राजवती परसपुर, अनुपम बैरीलालपुर, निर्मला पाल दयालपुर, अभय कांत दीक्षित निगोहा, मंजू सिंह गोधना, अभिषेक दीक्षित हुल्लास खेड़ा, राजकुमार पांडे रामदासपुर, जगपुर यादव सुमियामऊ, मोहम्मद हसीब दिकनियामऊ, सुनील भटवारा, राजन खरवाड़ा, सरोज कुमार चक पक्खीपुर, मधु नगरचकवा, प्रभाकर त्रिवेदी पुरहिया, मनोज कुमार मखदुमपुर, राजकुमारी शेखपुर, सुमित कनौजिया कुसयी, कमलेश कुमार दोना, शिवकुमार यादव गहलवारा, निर्मला देवी प्यारेपुर, नबी हसन खुशहालगंज, पुतान सिंह गोसालालपुर, राजकुमार दसदोई।

मीरपुर की डाली सिंह, सोहावल के दुर्गेश मिश्रा, कंपोजिट विद्यालय अयोध्या के रामनाथ यादव और सीतापुर तेरवा मनिकापुर के प्रभाकर मिश्रा, मनोहरपुर के राजेश कुमार शामिल रहे। स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने में सराहनीय योगदान के लिए इन्हें सम्मानित किया गया।



#### इन ग्राम प्रधानों का हुआ सम्मान

सुष्पेंद्र बहादुर सिंह नटौली, अभय कांत दीक्षित निगोहां, संगीता पहाड़पुर टिकरिया, जितेंद्र कुमार जीतू मीसा, बृजेश कुमार वर्मा कनेरी, अमित राज अनौरा कला, रंजीत कुमार पहाड़पुर, विजय लक्ष्मी भदेसर मऊ, सूर्यकुमार द्विवेदी मस्तीपुर, देवेंद्र सिंह भौदरी, सर्वेश कुमार महमूदपुर।

#### आयोजन में इनका रहा सहयोग

मुथूट फाइनेंस भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी है। यह रोजाना 2.5 लाख से अधिक ग्राहकों को 7400 से अधिक शाखाओं से सेवा दे रही है। अपनी प्रेरणादायक पहल सुनहरी सोच गर्व का पर्व सीजन 4 के माध्यम से मुथूट फाइनेंस ने उन प्रधानों को विशेष सम्मान दिया, जिनकी सोच ने समाज में नई दिशा और मिसाल कायम की है। इस पहल को और मजबूत करने के लिए हेल्थ पार्टनर के तौर पर सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग का सहयोग रहा।

## सीएसआर फंड दिलाने के नाम पर एनजीओ से 1.31 करोड़ की ठगी

**लखनऊ , एजेंसी।** कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने गोमतीनगर स्थित गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) दिशा मानव कल्याण एवं उत्थान के बैंक खातों से करीब 1.31 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। संस्था के सचिव बृजेश तिवारी की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद गोमतीनगर थाने में 27 जनवरी को चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विशालखंड निवासी बृजेश तिवारी ने बताया कि उनकी संस्था टेक्सटाइल मंत्रालय में पंजीकृत है। संस्था 2010 से सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। सितंबर में जौनपुर बदलापुर निवासी अमरीष मिश्रा ने फोन कर सीएसआर फंड से करोड़ों रुपये दिलाने का वादा किया।

इसके बाद, 14 सितंबर को वह साथी मो. मास व डीपी यादव के साथ बुद्धेश्वर चौराहे पर मिलने आया। उन्होंने बड़ी कंपनियों व शासन में ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए सीएसआर फंड की कुल राशि पर 10 फीसद कंसल्टेंसी शुल्क मांगा। इसके बाद संस्था के खातों की जानकारी, चेकबुक, पासबुक, यूजर आईडी व पासवर्ड ले लिए। जालसाजों ने कुछ दिन लखनऊ में रुककर काम करने की बात कही और कई बैंक खाते खोले।

**महंगे होटलों में ठहरे थे आरोपी :** बृजेश के अनुसार, आरोपी कुर्सी रोड स्थित आरआर पैलेस और विभूतिखंड स्थित महंगे होटल में ठहरे थे। 15 से 19 सितंबर के बीच उन्होंने संस्था के बैंक खातों से 1.31 करोड़ रुपये उड़ा दिए और फिर भाग गए। थाने में शिकायत के बावजूद मामला दर्ज न होने पर कोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट के आदेश पर अमरीष मिश्रा, डीपी यादव, राज पांडेय और मो. मास के खिलाफ जालसाजी समेत अन्य धाराओं में गोमतीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। पीड़ित से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं।

## यात्री ने परिवहन निगम पर लगाया अधिक किराया वसूलने का आरोप



**लखनऊ , एजेंसी।** परिवहन निगम की मनमानी से यात्रियों को अधिक किराया देना पड़ रहा है। इसकी शिकायत लखनऊ से प्रयागराज जाने वाली बस के यात्रियों ने की है।

यात्री हिमांशु जायसवाल का कहना है कि उन्होंने प्रयाग डिपो की बस यूपी 70 पीटी 7013 से 23 जनवरी को प्रयागराज तक सफर किया। वह तेलीबाग से बस में सवार हुए। कंडक्टर ने टिकट दिया तो वह आलमबाग से काटा गया। इसका विरोध करने पर कंडक्टर ने बताया कि ईटीआईएम मशीन में तेलीबाग का विकल्प नहीं आ रहा है। जिस पर मजबूरी में उन्होंने करीब 10 किमी का अतिरिक्त किराया देकर सफर किया। मामले की शिकायत मुख्यालय से की गई। जवाब में प्रयाग डिपो के अफसरों ने बताया कि ईटीआईएम में तेलीबाग का विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि, असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। गौरतलब है कि परिवहन निगम के स्टॉपेज में तेलीबाग भी शामिल है। फतेहपुर जाने वाली सभी बसों के टिकट तेलीबाग से भी बनते हैं। अफसरों ने शिकायत के बाद सुधार का भरोसा दिया है।

**एसी बस की मरम्मत पर सवाल :** प्रयाग डिपो की ही जनरथ बस से एक अन्य यात्री ने टिकट बुक कराया था। टिकट आईडी 0000002-49 मिली थी। आलमबाग बस अड्डे से वह बस में सवार हुए। मोबाइल डिस्चार्ज होने पर चार्जिंग के लिए लगाया तो काम नहीं किया। दूसरा पॉइंट भी नहीं चालू था। शिकायत करने पर बताया गया कि इनवर्टर का फ्यूज उड़ गया है।

## मंच पर चमके संगीत के सितारे



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित उल्लास उत्सव के तहत बुधवार को संत गाडगे प्रेक्षागृह में प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता के 79 विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संगीत प्रतिभाएं निखरकर सामने आईं। सबसे अधिक वाराणसी के 13 प्रतिभागियों ने दिलों पर राज किया। आठ विजेताओं के साथ लखनऊ दूसरे स्थान पर रहा।

मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, प्रभावी संगीत के लिए स्वर और लय ही काफी नहीं है, इसमें भावों का होना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केंद्र के सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी और अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 1100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गोरखपुर, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, बहराइच, बांदा, प्रयागराज मुरादाबाद आदि जिलों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियों से गुरुओं की वाहवाही पाई। अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह व अन्य मौजूद रहे।

**एसआईआरः 13 में से ढूंढ लीजिए कोई एक दस्तावेज**

## घरबराने की नहीं है जरूरत; बचा सकते हैं अपना वोट

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैपिंग से छूटे मतदाताओं को दस्तावेज जुटाना मुश्किल हो रहा है। सुनवाई केंद्रों पर भी भीड़ लगी है। डीएम ने भी तीन केंद्रों का निरीक्षण कर मैपिंग प्रकिया को तेजी से करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद की नौ विधानसभा में 7.69 लाख नोटिस के लिए चिह्नित किए हैं। इसमें से 3.25 लाख को नोटिस जारी किए हैं। इन लोगों को मताधिकार सिद्ध करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत 13 तरह के विकल्पों में से कोई एक दस्तावेज जरूरी है। इन दस्तावेजों के साथ मतदाता सुनवाई केंद्रों पर जाकर मैपिंग करा सकते हैं। ऐसे में सुनवाई केंद्रों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। इसमें कई दस्तावेज लेकर भी पहुंच रहे हैं।



डीएम ने तहसील सदर, आगरा दक्षिण, आगरा कैंट और जीआईसी स्थित सुनवाई केंद्रों का निरीक्षण किया। इसमें टीम को बोर्ड लगाने के निर्देश देते हुए मैपिंग प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के लिए कहा। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि एसआईआर का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जगह-जगह पर बूथ लगाए गए हैं नोटिस देने के बाद सभी की सुनवाई की जा रही है। जरूरी दस्तावेज के साथ मतदाताओं को उपस्थित होना है। इसमें आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत किसी वैद्य पहचान पत्र के साथ सुनवाई केंद्रों पर पहुंच कर मैपिंग करा सकते हैं।

#### राजनीतिक प्रतिनिधियों को दी जानकारी

कलेक्ट्रेट में डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनको एसआईआर के बारे में अवगत कराया। डीएम ने नोटिस कार्रवाई के लिए सुझाव मांगे। इसमें दावे, आपत्तियां की प्रतिलिपि भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है, उसमें स्वयं या फिर अधिकृत परिजन ही सुनवाई में शामिल हो सकता है। दावे और आपत्तियों प्राप्त करने के लिए 31 जनवरी तय की है। बैठक में महेश शर्मा, शब्बीर अब्बास, संदीप मुखरैया, राजीव सविता, संजय आदि मौजूद रहे।

## अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे संविधान रथ



**लखनऊ , एजेंसी।** लोकपाल विश्वनथ जैसवार और पीसी कुरील ने बुधवार को 75 संविधान रथों को रवाना किया। ये प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लोगों को सांविधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे।

विधानसभा के सामने स्थित डॉ. आंबेडकर भवन से डॉ. आंबेडकर संवैधानिक महासंघ, राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन, सेवा स्तंभ, समता सैनिक दल, छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच, अधिवक्ता संघ आदि सामाजिक संगठनों की ओर से संविधान रथ यात्रा को रवाना किया गया। संयोजक रामचंद्र पटेल ने कहा कि हर जिले में एक-एक संविधान रथ जाएगा और गांव-गांव घूमकर लोगों को संविधान की जानकारी देगा। इस दौरान संविधान की प्रतियां भी बांटी जाएगी। यात्रा 14 अप्रैल को संपन्न होगी।

मौके पर राजेश सिद्धार्थ, सीएल राजन, अशोक कुमार, सईद सिद्दीकी, बीपी सिंह अशोक, डॉ. सत्यवती दोहरे, पंडित प्रदीप पासी, संदीप पाण्डेय, आरसी रावत, सीएल कुरील, शानेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बीएचयू एसएसबी में भर्ती डॉ. टीके लहरी की देखभाल करेगी चार विभागों की टीम

**वाराणसी , एजेंसी।** आईएमएस बीएचयू में जाने माने कार्डियोथोरेसिक सर्जन पद्मश्री डॉ. टीके लहरी के 15 दिन से बीमार होकर घर पर पड़े रहने और उनके करीबी अहमद अली की पहल पर बीएचयू में मंगलवार की देर शाम भर्ती होने खबर का आईएमएस प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए चार विभागों के डॉक्टरों को निगरानी की जिम्मेदारी दी है।

नरिया स्थित न्यू मेडिकल इन्क्लेव की पहली लेन में डॉ.लहरी लंबे समय से अकेले रहते हैं। 2003 में कार्डियोथोरेसिक विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह हर दिन नरिया से एनसीसी बटालियन के सामने से त्रिवेणी संकुल हॉस्टल, कुलपति आवास, एमएस आफिस होते हुए शताब्दी सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में मरीजों को देखने जाते हैं।

निदेशक ने बताया कि मेडिसिन डिपार्टमेंट, कार्डियोथोरेसिक, कार्डियोलॉजी के साथ ही जीरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टरों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। जरूरत के हिसाब से डॉ. लहरी को सभी तरह की बेहतर चिकित्सा सुविधा, दवाएं आदि दी जा रही हैं। प्रो.



संखवार ने बताया कि बुधवार से डॉ. लहरी ने चिकित्सकों की सलाह पर जरूरी आहार लेना शुरू कर दिया है।

**परिवार के सदस्यों को मिली सूचना, आ सकते हैं बनारस :** पांच दशक से डॉ.टीके लहरी को जानने वाले नरिया निवासी अहमद अली ने बुधवार को बताया कि डॉक्टर साहब के 15 दिन बाद अस्पताल में भर्ती होने के बाद अब उनका अच्छा इलाज हो सकेगा।

बताया कि मंगलवार को आईएमएस निदेशक के पास जाकर डॉ. लहरी के बीमार होकर घर पर पड़े रहने की जानकारी देने के बाद शाम को उनको भर्ती करवा दिया। अहमद अली ने बताया कि डॉक्टर लहरी की बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को बीमार होने की जानकारी भी मैने दे दी है। परिवार के सदस्य भी जल्द ही बनारस आ जाएंगे।

#### डॉ. लहरी को देखने आज एसएसबी जाएंगे कुलपति

बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पद्मश्री डॉ. टीके लहरी के अस्वस्थ होने की जानकारी मिली है। इस मामले में आईएमएस निदेशक से बातचीत कर उनके सेहत की जानकारी भी ली है। डॉ. लहरी को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को खुद भी एसएसबी में जाकर डॉ. लहरी का कुशलक्षेम जानेंगे।

# पुलिस ने बदमाश अरबाज को एनकाउंटर में मार गिराया


अरबाज खान, मृतक

आगरा । न्यूज एजेंसी राज चौहान मर्डर केस में पुलिस ने एनकाउंटर में मुख्य आरोपी अरबाज खान उर्फ मंसूरी ढेर कर दिया। इसके अलावा, दो बदमाशों मोहित पंडित और आशू के पैर में गोली लगी है। दोनों पर 25–25 हजार का इनाम था। उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने गुरुवार सुबह–सुबह लोकेशन ट्रेस कर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुख्य हत्यारोपी अरबाज को पुलिस ने मार गिराया, जबकि मोहित और आशु घायल हो गए। बदमाशों की फायरिंग में एसओ ट्रांस यमुना हरेंद्र कुमार और इंस्पेक्टर कोतवाली भानु प्रताप की बुलेट प्रूफ जैकेट में एक–एक गोली लगी। दरोगा ऋषि के हाथ में गोली लगी है। बता दें कि 23 जनवरी को टेढ़ी बगिया के एसएन गेस्ट हाउस में राज चौहान की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में राज के साथियों ने ही मुखबिरी की थी। पुलिस ने मामले में 5 लोगों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद हत्याकांड में शोएब मंसूरी और उसके साथियों का नाम आया था।रंगबाज राज चौहान की जन्मदिन से एक दिन पहले उसके साथ आए युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारोपी राज को उसके घर से आपने साथ ले गए थे। वो सुबह से राज के साथ थे। राज चौहान एसएन गेस्ट हाउस में दोस्तों के साथ था। वहां उसके कुछ परिचित युवक आए। इसके बाद कमरे में अचानक फायरिंग होनेलगी। हमने उन लड़कों को पहले कभी नहीं देखा था। यूपी में 124 दिन (4 महीने से ज्यादा समय) में 17वां बदमाश एनकाउंटर में ढेर हुआ है। इस हिसाब से यूपी पुलिस औसतन हर हफ्ते एक एनकाउंटर कर रही है।

# करोड़ों की चोरी मामले में हरियाणा पुलिस ने सर्राफा व्यापारी की दुकान पर दी दबिश



कासगंज। न्यूज एजेंसी हरियाणा पुलिस ने करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में कासगंज जिले में एक सराफा कारोबारी की दुकान पर दबिश दी। यह कार्रवाई बुधवार शाम को कासगंज कोतवाली क्षेत्र के सहावर गेट स्थित सोना–चांदी गलाने वाली दुकान पर की गई। पुलिस ने दुकान मालिक से पूछताछ की और बाद में वापस लौट गई। यह मामला हरियाणा के नूंह जिले के पिनगवां कस्बे से जुड़ा है। गत 27 दिसंबर को पिनगवां स्थित हरिओम ज्वेलर्स की दुकान से करोड़ों रुपये के सोने–चांदी के जेवरात चोरी हो गए थे। इस वारदात को नकाबपोश बदमाशों ने अंजाम दिया था। हरियाणा पुलिस इस चोरी की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने यादराम नामक एक चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरों का संबंध गंजडुंडवारा के एक सराफा कारोबारी से सामने आया, जिसके बाद नूंह जिले के पिनगवां थाने की टीम कासगंज पहुंची। कासगंज पहुंचने के बाद पुलिस ने सराफा कारोबारी अंकुश रिफाइनर उर्फ अन्ना के प्रतिष्ठान पर दबिश दी और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जांच–पड़ताल में पता चला कि रिफाइनर ने चोरी से संबंधित चांदी–सोना गलाया था, जिसके लिए उसने मजदूरी ली थी। यह सराफा व्यापारी, अंकुश रिफाइनर उर्फ अन्ना, पूर्व में भी बाहरी प्रदेशों की पुलिस चोरी के मामलों में पूछताछ के लिए उसे कई बार ले जा चुकी है।

# बीएसएफ जवान की उपचार के दौरान मौत



हाथरस । राजपथ ब्यूरो नगला अलगरजी निवासी बीएसएफ जवान रघुवीर सिंह (58) का किडनी की गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। वे 36वीं बटालियन बीएसएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। बताया गया है कि रघुवीर सिंह पिछले कुछ समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पूरे क्षेत्र में भी दुख की लहर दौड़ गई। रघुवीर सिंह के निधन पर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकपूर ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की।

# ट्रक से कुचलकर महिला की दर्दनाक मौत




अलीगढ़ । न्यूज एजेंसी बाइक सवार दम्पति और उनके बेटे को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का पहिया महिला के सिर के ऊपर से गुजर गया। महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके पति और बेटा घायल हो गए। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। हादसा अनूपशहर रोड स्थित गांव सुडियाल के पास बुधवार की शाम करीब 4 बजे हुआ। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर आई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। घायल जिला अस्पताल भेज दिए। हादसा जवां थाना इलाके से जुड़ा है।बुलंदशहर के थाना अनूपशहर के गांव करनपुर कलां के रहने वाले उदय वीर पुत्र खंदारी राजमिस्त्री का काम करते हैं। उनकी ससुराल अलीगढ़ के गांव भोपुतपर गड़राणा में हैं। उदयवीर ने बताया कि ससुर दीनदयाल और उनके भाई हनुमान प्रसाद एक केस में अलीगढ़ जेल में बन्द हैं। उनसे गुरुवार को मिलने जाना था। इसलिए बुधवार को 38 वर्षीय पत्नी रेखा और बेटा ऋषभ के साथ ससुराल बाइक से आ रहे थे ।उनकी बाइक थाना जवां इलाके के अनूपशहर रोड स्थित गांव सुडियाल के पास पहुंची थी। तभी पीछे से आये तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। तीनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। ट्रक का पहिया रेखा के सिर के ऊपर से गुजर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।

# अलीगढ़ में कब्रिस्तान पर चला बुलडोजर



अलीगढ़ । न्यूज एजेंसी स्वर्ण जयंती नगर स्थित कदीमी कब्रिस्तान को एडीए के बुलडोजर और प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में तोड़ा गया। इस दौरान एडीए की सचिव दीपाली भार्गव, एसडीएम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सपा के शासनकाल में एक किसान और एडीए की जमीन पर जबरन कब्जा कर कब्रिस्तान बनवाया था। जिसके बाद इस मामले में बजरंग बल संयोजन गौरव शर्मा ने शिकायत की। इस मामले पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एडीएम सिटी और एसपी सिटी की टीम गठित करने के बाद जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जांच में किसान की जमीन 140 और एडीए की 2320 वर्ग मीटर जमीन निकली। इसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।बरजंग बल के संयोजक गौरव शर्मा ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान तत्कालीन विधायकों के संरक्षण में पिछड़ी जाति के एक किसान की जमीन पर जबरन कब्जा कर कब्रिस्तान बनवा दिया गया था। बताया गया कि यह दादालाई जमीन वर्ष 1944 से अब तक राजस्व अभिलेखों में किसान के नाम दर्ज चली आ रही है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सपा शासन में मुस्लिम तुष्टीकरण के नाम पर पिछड़े और दलित वर्ग के लोगों का लगातार शोषण और अत्याचार हुआ।

# बस–ट्रेलर की टक्कर में मां–बेटे समेत 4 की मौत



भरतपुर । न्यूज एजेंसी स्लीपर बस और ट्रेलर की भीषण टक्कर में मां–बेटे समेत 4 यात्रियों की मौत हो गई। 5 यात्री घायल हो गए। बस कासगंज (उत्तर प्रदेश) से जयपुर जा रही थी। इस दौरान सेवर पुल पर खड़े ट्रेलर में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। बस में फंसे यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। एक्सीडेंट सेवर थाना इलाके में आगरा–जयपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात करीब 2:30 बजे हुआ। सेवर थाना केएसआई अवधेश ने बताया– सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को तुरंत आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शव मॉर्च्युरी में रखवाए गए। परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।हादसे में सतोवा, मथुरा (यूपी निवासी) गीता (38) पत्नी रामवीर और उनके बेटे कान्हा (8) की मौत हो गई। ड्राइवर मुक्खन सिंह (28) पुत्र खेम सिंह निवासी कदूमर (अलवर) और मुस्लिम (40) पुत्र इस्माइल निवासी कासगंज की भी जान चली गई। बस में सवार सतोवा निवासी रामवीर पत्नी गीता और बेटे कान्हा के साथ खाटूश्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। रामवीर भगवान की मूर्तियों के लिए कागज की पगड़ियां बनाते हैं। हर महीने माल सप्लाई करने खाटूश्याम जी जाते हैं। इस बार वे पत्नी और बेटे को भी साथ लेकर आए थे। हादसे में रामवीर की पत्नी और बेटे की मौत हो गई। रामवीर खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी राजेश ने बताया– रात में कोहरा था। सड़क पर एक ट्रेलर खराब होकर खड़ा था, लेकिन उसके पीछे कोई बैरिकेड या चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे। कोहरे के कारण बस ड्राइवर को ट्रेलर नहीं दिखा और बस उस में घुस गई।

# किराये के मकान पर सेक्स रैकेट पर पुलिस की रेड



प्रयागराज । न्यूज एजेंसी पुलिस के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने एक किराए के मकान में अनैतिक गतिविधियों के गिरोह का पर्दाफाश किया है और चार युवतियां और चार युवकों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि कीडगंज थाना क्षेत्र में गोरा कब्रिस्तान के पास एक गली में स्थित मकान में गलत काम हो रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चुपचाप जांच शुरू की। इसके बाद एसीपी कीडगंज राजीव यादव के निर्देश पर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह की टीम ने मौके पर छापेमारी की। जब पुलिस मकान में पहुंची तो अंदर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को मकान से चार युवक और चार युवतियां मिलीं। सभी को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस के अनुसार, यह मकान किराए पर लिया गया था और यहां अनैतिक गतिविधियां चलने की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों को काफी समय से शक था और इसी वजह से पुलिस को कई शिकायतें मिली थीं। मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक और युवतियां प्रयागराज के ही रहने वाले हैं। अब यह जांच की जा रही है कि वे कब से इस मकान में आ रहे थे, मकान किसके नाम पर किराए पर लिया गया था और क्या इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह काम कर रहा है।

# होलिका दहन का चबूतरा तोड़ा, पार्षद से हाथापाई



आगरा। न्यूज एजेंसी सार्वजनिक जगह पर ग्रामीणों ने चंदा करके होलिका दहन का चबूतरा बनवाया। नगर निगम की टीम ने उस चबूतरे को ध्वस्त कर दिया। इसको लेकर लोगों का आक्रोश भड़क गया। नगर निगम की टीम ने क्षेत्रीय पार्षद दीपक वर्मा से हाथापाई के साथ ही गाली–गलौज भी की। इससे क्षेत्र में आक्रोश भड़क गया है। वार्ड 77 शहीद नगर के पार्षद दीपक वर्मा का कहना है–बुधवार को नगर निगम की टीम ने चमरौली में खेलकूद के मैदान पर बने अस्थायी होलिका दहन के स्थल को तोड़ दिया। इस चबूतरे को ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा करके बनवाया था। यह सार्वजनिक जमीन खेलकूद मैदान के नाम दर्ज है।पार्षद का कहना है–मोहल्ला चमरौली में होलिका दहन खेलकूद के नाम पर जमीन पर 50–60 साल से होलिका दहन हो रहा है। 5–6 दिन पहले गांव के लोगों के लोगों ने मीटिंग हुई थी। जिसमें तय किया गया था कि होलिका दहन के लिए यहां पर अस्थायी चबूतरा बनवाया जाएगा। इस पर पार्षद ने भी अपनी मोहर लगा दी थी।तय हुआ था कि जब खेलकूद के मैदान पर पार्क विकसित होगा, तब चबूतरे को हटवा देंगे।

# फर्जी बिल बनाने से मना करने पर अकाउंटेंट का अपहरण



अलीगढ़ । न्यूज एजेंसी फर्जी बिल बनाने से मना करने पर ठेकेदार ने एकाउंटेंट का अपहरण कर लिया। उसके साथ मारपीट की। एकाउंटेंट का भाई बचाने आया तो उसे तमंचे से मारा। धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। उसके बाद भागने लगे। उसने भाई को अगवा करने का वीडियो बना लिया। उसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने 2 घंटे बाद एकाउंटेंट को एक मीट फैक्ट्री से बरामद कर लिया। उससे पूछताछ की। उसके बाद आरोपी को भी पकड़ लिया। उसे हिरासत में लेकर अब पूछताछ कर रही है। घटना बुधवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र तस्वीर महल चौराहे के पास की है।शाहरुख ने बताया– वह प्राइवेट एकाउंटेंट हैं। अलदुआ मीट फैक्ट्री में काम करने वाले ठेकेदार जीशान का जीएसटी का काम देखते हैं। जीशान उन पर फर्जी जीएसटी बिल बनाने का कई दिनों से दबाव बना रहा था। उन्होंने फर्जी बिल बनाने से मना कर दिया था। इससे जीशान नाराज चल रहा था। उसने मेरा बकाया 22 हजार रुपए रोक रखा था।बुधवार रात में 10 बजे के करीब अपने भाई के साथ तस्वीर महल चौराहे के पास था। तभी उसका फोन आया। उसने कहा कि उसके पैसे देने हैं। वह साईं ढाबे पर आ जाए। वे बुलेरो लेकर आए।उन्हें आते देख जीशान सीट से उठकर शाहरुख के पास आ गया। वह शाहरुख को खींचकर गाड़ी की तरफ ले जाने लगा। शाहरुख और उसके भाई मोहम्मद इम्तियाज खान ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की।

# 20 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए दरोगा और सिपाही


चौकी इंचार्ज शिवाकर मिश्रा

वाराणसी । न्यूज एजेंसी केस से नाम निकालने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और 20 हजार रुपए लेने वाले दरोगा शिवाकर मिश्रा को डीसीपी ने सस्पेंड कर दिया है। काशी विद्यापीठ चौकी इंचार्ज शिवाकर मिश्रा के साथ उसका कारखास सिपाही गौरव कुमार द्विवेदी भी निलंबित किया गया है। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल ने आरोपी दरोगा और सिपाही के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस कमिश्नर ने दरोगा की फाइल और गोपनीय रिपोर्ट भी तलब की है। सीपी की पॉलिसी के चलते दरोगा शिवाकर मिश्रा को अगले एक साल तक चार्ज मिलना भी मुश्किल होगा। माना जा रहा है कि विभागीय जांच में पुराने मामले खुले तो दरोगा शिवाकर मिश्रा और सिपाही गौरव द्विवेदी की मुश्किलें अब और बढ़ेगी। वहीं पुलिस महकमे के कई इंस्पेक्टर और दरोगा आरोपी रिश्वतखोर शिवाकर मिश्रा को बचाने की फिल्डिंग सजाते रहे। एंटी करप्शन टीम आज दोपहर आरोपी दरोगा शिवाकर मिश्रा और उसके खास सिपाही गौरव कुमार द्विवेदी को एंटी करप्शन कोर्ट नंबर–5 में पेश करेगी, जहां से पुलिस न्यायिक रिमांड के लिए कोर्ट में केस की एफआईआर और प्राइमरी कॉपी पेश करेगी। जिसके आधार पर दरोगा जेल भेजा जाएगा।2019 बैच का दरोगा शिवाकर मिश्रा की नौकरी का आगाज वाराणसी से हुआ और ट्रेनिंग के बाद काशी उसे पहला जनपद एलाट किया गया। शिवाकर मिश्रा की बतौर ट्रेनी पहले थाने पर तैनाती हुई फिर कुछ दिनों पर चौकी पर जिम्मेदारी मिली। पूर्वांचल के बस्ती निवासी शिवाकर ने एक इंस्पेक्टर से करीबियां बढ़ाई तो लंका थाना क्षेत्र की चौकियों पर लंबा समय बिताया। थाने की चार–पांच प्रमुख चौकियों पर लंबे समय तैनाती भी रहीं, वहीं आसपास के क्षेत्र में जिम्मेदारी बदलती रही। फिलहाल कुछ दिन पहले उसका तबादला सिगरा थाना क्षेत्र के काशी विद्यापीठ चौकी पर हुआ और ज्वाइनिंग के बाद ताबड़तोड सेटिंग शुरू कर दी।

# आज फिर करवट लेगा मौसम, पड़ेगी कड़ाके की ठंड...छाया रहेगा घना कोहरा



लखनऊ। न्यूज एजेंसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर स्थानों और राज्य के कुछ पूर्वी हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। जहां पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग अलग स्थानों पर गरज के साथ वर्षा हुई। वहीं, बरेली सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। इन दोनों स्थानों पर तेज हवाएं चलीं। सबसे अधिक 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगरा में हवा चली। आज एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है और प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को संभल के गुतरौर में पांच सेमी, कन्नौज के तिरवा में चार सेमी और अमरोह, बरेली, ललितपुर, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और हरदोई में तीन–तीन सेमी वर्षा दर्ज की गई। इसने बताया कि गोरखपुर और अयोध्या मंडलों में रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। लखनऊ, बरेली और आगरा मंडलों में भी रात का तापमान सामान्य से अधिक रहा। बृहस्पतिवार को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज घने कोहरे को लेकर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में विजिबिलिटी बेहद कम रह सकती है। जिन जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा उनमें राज्य के कुशीनगर, महाराजगंज, आगरा, अलीगढ, मथुरा , हाथरस सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत एवं आसपास इलाके शामिल है। ये जिले कोहरे की सफेद चादर से लिपटे रहेंगे।

# पत्नी ने पति का गला दबाकर बॉडी को लटकाया



बरेली। न्यूज एजेंसी शादी के दो महीने बाद युवक की मौत हो गई। पहले इसे सुसाइड माना गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह हत्या उसकी पत्नी ने की। पुलिस ने पत्नी और उसके कुछ रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही थी, लेकिन फॉरेंसिक टीम और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि जितेंद्र ने खुदकुशी नहीं की, बल्कि उसका गला घोंटकर उसे फंदे पर लटकाया गया ताकि मामला आत्महत्या लगे। पुलिस अब घर के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज भी चेक कर रही है। मामला इज्जत नगर के कैलाशपुरम का है। कैलाशपुरम कॉलोनी में आईवीआरआई के संविदाकर्मी जितेंद्र यादव की दो महीने पहले 25 नवंबर को शादी हुई थी। उसने रोडवेज में कंडक्टर ज्योति से लव मैरिज किया था। दोनों पिछले करीब 9 साल से रिलेशनशिप में थे। 26 जनवरी को जितेंद्र का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। जब पुलिस कमरे में पहुंची, तो जितेंद्र का शव वेंटिलेटर से मफलर के सहारे लटका था। हैरानी की बात यह थी कि जितेंद्र के पैर नीचे रखे स्टूल पर टिके हुए थे और जीभ बाहर निकली हुई थी। अब जितेंद्र के भाई अजय और ममेरे भाई विकास (जेल वार्डन) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिक, रोडवेज में कंडक्टर पत्नी ज्योति शादी के बाद से ही जितेंद्र पर दबाव बना रही थी कि वह अपनी पैतृक संपत्ति बेच दे और शहर में मकान व कार ज्योति के नाम पर खरीदे। पुलिस अब घर के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज भी चेक कर रहा है।

# रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म बनी सरकार की पहचान : प्रधानमंत्री मोदी


## बजट सत्र से पहले पीएम मोदी ने किया संबोधित



नई दिल्ली न्यूज एंजेंसी। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक सर्वे से पहले अपने संबोधन में कहा कि देश का ध्यान इस समय केंद्रीय बजट पर केंद्रित होना स्वाभाविक है, क्योंकि बजट देश की आर्थिक दिशा और विकास की प्राथमिकताओं को तय करता है। लेकिन सरकार की पहचान केवल बजट तक सीमित नहीं रही है। बीते वर्षों में सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति के जरिए देश के विकास को नई गति दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत सुधारों की 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह सुधारों की यात्रा केवल सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि संसद के सभी सदस्यों के सकारात्मक सहयोग से इसे लगातार मजबूती मिल रही है। उन्होंने संसद के सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा के कारण सुधारों की यह रिफॉर्म एक्सप्रेस निरंतर गति पकड़ रही है। देश अब लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के दायरे से निकलकर स्थायी और दूरगामी समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत और यूरोपीय संघ EU के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता देश के उज्ज्वल भविष्य और भारतीय युवाओं के लिए नई संभावनाओं का संकेत है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि यह समझौता आत्म विश्वासी, प्रतिस्पर्धी और उत्पा दक भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि मौजूदा तिमाही की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही है और आज आत्मविश्वासी भारत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता आने वाले समय की उज्ज्वल दिशा और भारतीय युवाओं के भविष्य को दर्शाता है। उन्होंने इसे महत्वाकांक्षी भारत के लिए मुक्त व्यापार, आकांक्षी युवाओं के लिए मुक्त व्यापार और आत्मनिर्भर भारत के लिए मुक्त व्यापार करार दिया। पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि खासतौर पर भारतीय निर्माता इस अवसर का उपयोग अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए करेंगे। पीएम मोदी ने देश के विकास के दीर्घकालिक लक्ष्य पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का पहला चौथाई हिस्सा पूरा हो चुका है और अब अगले चरण की शुरुआत हो रही है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले 25 साल का यह दौर बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि इस नए चरण का पहला बजट जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा। पीएम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वह देश की पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जो लगातार नौवीं बार संसद में बजट पेश करने जा रही हैं। उन्होंने इसे संसदीय इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# देश को पाखंड से भरा संदेश दे रहे पीएम मोदी : जयराम रमेश

## आर्थिक सर्वे पर पीएम के बयान को लेकर कांग्रेस का पलटवार



नई दिल्ली न्यूज एंजेंसी। कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बजट सत्र पर उनकी टिप्पणियों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक सत्र की शुरुआत से पहले ष्देश को अपना वही पाखंडी संदेशष् देते हैं। आज का प्रदर्शन इसी कड़ी का हिस्सा है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ष्वह (प्रधानमंत्री) राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेने के लिए सर्वदलीय बैठकें नहीं बुलाएंगे और न ही उनकी अध्यक्षता करेंगे। रमेश ने दावा किया कि वह अचानक अंतिम समय में विधेयक पेश करवाएंगे और आवश्यक विधायी जांच के बिना उन्हें संसद से पारित करवा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि मोदी संसद में बैठकर विपक्षी नेताओं की चिंताओं का जवाब नहीं देंगे, बल्कि दोनों सदनों में चुनावी रैलियों में भाषण देंगे। आगे उन्होंने कहा ष्प्रत्येक सत्र की शुरुआत से पहले, वह संसद को पृष्ठभूमि बनाकर अपना वही पाखंड से भरा ष्देश के नाम संदेशष देंगे। आज का प्रदर्शन इसी श्रृंखला का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता महत्वाकांक्षी भारत के लिए है। उन्होंने निर्माताओं से आग्रह किया कि वे उनके लिए खुल रहे नए बाजारों से लाभ उठाएं। मोदी ने यह भी कहा कि देश लंबे समय से लंबित समस्याओं से उबर रहा है और दीर्घकालिक समाधानों की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब समाधान खोजने का समय आ गया है, न कि बाधाएं पैदा करने का। उन्होंने आगे कहा कि आत्मविश्वास से भरा भारत दुनिया के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है।

# वित्तमंत्री ने राज्यसभा में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26



नई दिल्ली न्यूज एंजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश करते हुए कहा कि पिछले वर्षों (2023 एवं 2024) के विपरीत, ग्रामीण मुद्रास्फीति में कमी आई है और यह शहरी मुद्रास्फीति से कम रही है, जिससे ग्रामीण तनाव और भी कम हुआ। वर्ष 2023-2024 के पूरे वर्षों में ग्रामीण मुद्रास्फीति शहरी मुद्रास्फीति से ऊपर बनी हुई थी। यह तरीका ग्रामीण एवं शहरी खाद्य खपत के अंतर में यह दर्शाता है कि खाद्य मूल्यों में वृद्धि में ग्रामीण मुद्रास्फीति, विशेषकर ग्रामीण खपत में खाद्य वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी अधिक उत्तरदायी है। वर्ष 2025 के दौरान जैसे ही खाद्य मुद्रास्फीति कम हुई, दोनों क्षेत्रों में महंगाई कम हुई, जिससे शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति की अपेक्षा ग्रामीण मुद्रास्फीति में कमी आई है। वर्ष 2025-26 के दौरान, केरल और लक्षद्वीप जहां, खुदरा मुद्रास्फीति उच्च टॉलरेंस बैंड 6 प्रतिशत पर पहुंच गई, राज्य स्तर पर मुद्रास्फीति राष्ट्रीय स्तर पर मुद्रास्फीति में कमी आई है। शेष राज्यों में भारतीय रिजर्व बैंक की टॉलरेंस बैंड 2 से 6 प्रतिशत या उससे नीचे तक औसत मुद्रास्फीति बनी रही। राज्यों में मुद्रास्फीति वृहद आधारित मुद्रास्फीति की अपेक्षा स्थानीय संबंधित मूल्य द्वारा अधिकांश बदलाव आता है। जनवरी 2014 से दिसम्बर 2025 की मासिक राज्यवार सीपीआई मुद्रास्फीति आंकड़ों पर आधारित सर्वेक्षण से यह ज्ञात होता है कि राष्ट्रीय स्तर की अपेक्षा कुछ राज्यों में नियमित रूप से उच्च या निम्न मुद्रास्फीति दर्ज की गई। सर्वेक्षण से पता चलता है कि राज्यों के अंतर्गत मुद्रास्फीति में बदलाव पूर्ण रूप से ट्रांजिटरी नहीं होता है तथा एक माह आगे बढ़ाने पर भी राष्ट्रीय औसत में कोई बदलाव नहीं होता है। दक्षिण और उत्तर के दूरस्थ राज्यों में राष्ट्रीय औसत से ऊपर मुद्रास्फीति रिकॉर्ड की गई। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में इसके विपरीत मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से कम रही। हालांकि औद्योगिक उत्पादन का हिस्सा राज्य स्तर पर नकारात्मक मुद्रास्फीति दर्शाता है, जिससे मूल्य दबाव विनिर्माण क्षेत्रों में आपूर्ति क्षेत्रों की क्षमता को प्रभावित करता है। जीएसटी से राज्य स्तर पर मुद्रास्फीति में अंतर के लिए मूल्य में कोई बदलाव नहीं पाया गया।हालांकि औद्योगिक उत्पादन का हिस्सा राज्य स्तर पर नकारात्मक मुद्रास्फीति दर्शाता है, जिससे मूल्य दबाव विनिर्माण क्षेत्रों में आपूर्ति क्षेत्रों की क्षमता को प्रभावित करता है।

# प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हाथरस के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अल्हड़ संगीत शिक्षालय, हाथरस के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। शिक्षालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में राघव शर्मा ने युवा वर्ग शास्त्रीय संगीत (गायन) में, माधव शर्मा ने किशोर वर्ग शास्त्रीय तबला वादन (सोलो) में तथा अभय यादव ने शास्त्रीय बाँसुरी वादन में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 26 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल, कला ग्राम में आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम के दौरान बनारस घराने की सुप्रसिद्ध गायिका गिरिजा देवी के शिष्य एवं विश्वविख्यात शास्त्रीय संगीतज्ञ पंडित राजन साजन मिश्रा के भतीजे रोहित मिश्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा शास्त्रीय संगीत की की जानकारी दी। शिक्षालय परिवार व संगीत प्रेमियों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लोकतंत्र के सत्य का आईना है समाचार पत्र : गुरिंदर सिंह

## अलीगढ़ सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रीय एकता और निर्भीक पत्रकारिता का संदेश



अलीगढ न्यूज एंजेंसी। राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी परिसर में बुधवार को ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज़पेपर्स फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित लोकतंत्र और पत्रकारिता विषयक प्रांतीय सम्मेलन में लोकतंत्र की मजबूती, पत्रकारिता की भूमिका और राष्ट्रीय एकता पर गहन मंथन हुआ। सम्मेलन में देश के 16 राज्यों से आए 64 प्रतिनिधियों सहित करीब 500 से अधिक पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थी शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सरदार गुरिंदर सिंह ने कहा कि आज समाचार पत्र लोकतंत्र में सत्य का आईना हैं। लोकतंत्र के तीनों स्तंभों के प्रति पत्रकारों और समाचार पत्रों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने अलीगढ़ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन को प्रेरणादायी बताते हुए स्वतंत्र पत्रकारिता को लोकतंत्र की आत्मा बताया। विशिष्ट अतिथि सुधीर कुमार पांडा ने कहा कि सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में सूचनाओं के विरोधाभास बढ़े हैं। ऐसे समय में पत्रकारों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी। सम्मेलन के मुख्य संयोजक पंकज धीरज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर विशिष्ट पत्रकारों को लोकतंत्र प्रहरी और लोकतंत्र सेवक सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही अलीगढ़ के क्रांतिकारी पत्रकार महेश चंद्र सुहृद, मुकुट बिहारी लाल नवरत्न और मदनलाल हितैषी के नाम पर सम्मान शुरू किए जाने की घोषणा की गई। अतिथियों का सम्मान योगेश भारद्वाज, जितेंद्र वार्ष्णेय, मुकेश कुमार सिंह एवं संजीव शर्मा द्वारा किया गया। व्यवस्थाओं में सुरेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, जाकिर भारती, दीपक राजपूत, अकरम खान, पुष्पेंद्र सिंह, सहित अनेक पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# जेल की दीवार तोड़कर भागे 02 कैदी, जेलर सहित 07 सस्पेंड




अयोध्या न्यूज एंजेंसी। अयोध्या जिला जेल से दो कैदी दीवार तोड़कर फरार हो गए। दोनों स्पेशल सेल में बंद थे। दोनों ने रातभर में सेल की पीछे की दीवार की 25-30 ईंटें उखाड़ीं। भागकर जेल की बाउंड्री वॉल तक गए। फिर कंबल और मफलर से रस्सी बनाकर 20 फीट ऊंची दीवार फांद गए। कैदियों के भागने की खबर लगते ही हड़कंप मच गया। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फरार कैदियों की पहचान गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज और शेर अली उर्फ रफीक अली के रूप में हुई है। गोलू अमेठी और रफीक सुलतानपुर का रहने वाला है। दोनों हत्या और रेप के आरोप में बंद थे। डीजी जेल पीसी मीणा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेल के वरिष्ठ अधीक्षक यूपी मिश्रा, जेलर जेके यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, एक हेड वार्डर और तीन वार्डर को सस्पेंड कर दिया। विभागीय जांच के आदेश भी दिए। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर जिला जेल पहुंचे। जेल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। कैदी शेर अली पुत्र रफीक अली, निवासी अमरे मऊ, सुलतानपुर और गोलू अग्रहरि पुत्र साधूराम, निवासी मुसाफिर खाना, अमेठी के रहने वाले हैं। शेर अली पर अयोध्या, जौनपुर, सुलतानपुर में हत्या समेत 11 मामले दर्ज हैं। उसकी हिस्ट्रीशीट नंबर HS 24। है। रिश्तेदारी में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# स्वापो का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह भव्यता से सम्पन्न



हाथरस। (राजपथ ब्यूरो) समाज कल्याण एवं शांति संगठन (स्वापो, रजिस्टर्ड) का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह अलीगढ़ रोड स्थित एक होटल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद प्रसाद अग्रवाल ने की, जबकि अधिष्ठापन अधिकारी अशोक अग्रवाल (गोरई वाले) रहे। समारोह में नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठन की सेवा, निष्ठा और सामाजिक दायित्व की शपथ दिलाई गई। जिला महामंत्री उत्कर्ष शर्मा ने गत वर्ष के सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष सुनील बर्मन ने समाज सेवा को संगठन की प्राथमिकता बताया, वहीं नगर अध्यक्ष दिनेश सरदाना ने शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र पर विशेष फोकस की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक कपिल अग्रवाल ने संगठन के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि स्वापो ने मथुरा व सूरत में भी सेवाएँ शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम का संचालन एकता अग्रवाल व देवा वार्ष्णेय ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुए अजित पवार, बेटों ने दी मुखाग्नि, उमड़ा जनसैलाब



बारामती न्यूज एंजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार का गुरुवार को बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पवार का पूरा परिवार मौजूद रहा। उनके दोनों बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे समेत देश-प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता, अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे पहले अजित पवार की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। बारामती की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसके चलते कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। समर्थक 'अजित दा अमर रहे' के नारे लगाते रहे और नम आंखों से अपने नेता को अंतिम विदाई दी। गुरुवार सुबह पार्थिव शरीर को काटेवाड़ी स्थित उनके आवास लाया गया था, जहां श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। अजित पवार का निधन बुधवार सुबह 8.45 बजे हुए विमान हादसे में हुआ था। इस दुर्घटना में उनके सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू सदस्य समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान राज्यभर की सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। पुलिस ने प्लेन क्रैश के मामले में एडीआर दर्ज कर ली है। एएआईबी ने हादसे की जांच अपने हाथ में ले ली है। दुर्घटनाग्रस्त विमान का रजिस्ट्रेशन नंबर वीटी-एसएसके बताया गया है, जिसे वीएसआर वेंचर्स द्वारा ऑपरेट किया जा रहा था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, हादसे का शिकार विमान लीयरजेट 45 था, जिसका रजिस्ट्रेशन वीटी-एसएसके है। वीएसआर वेंचर्स द्वारा इसका संचालन किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट क्रू ने पहले लैंडिंग के शुरुआती सीक्वेंस को रद्द किया था, जिसके बाद विमान को सुबह ठीक 8:43 बजे रनवे 11 पर उतरने की अनुमति दी गई। इसके कुछ ही क्षण बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया।

# यूपी में शिक्षक व शिक्षा कर्मचारियों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

## सीएम सरकार ने कैबिनेट बैठक में प्रदेश के शिक्षकों को दी बड़ी सौगात



लखनऊ न्यूज एंजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के शिक्षकों को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। अब शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह ही कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दो दी गई है। इस फैसले से 11.92 लाख से ज्यादा शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा। इस फैसले को आयुष्मान व्यवस्था के माध्यम से लागू किया जाएगा। इस फैसले से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइया सभी लाभांवित होंगे। इस फैसले के क्रियान्वयन में 358.61 करोड़ रुपये की लागत सूरज और शेर अली उर्फ रफीक अली के रूप में हुई है। गोलू अमेठी और रफीक सुलतानपुर का रहने वाला है। दोनों हत्या और रेप के आरोप में बंद थे। डीजी जेल पीसी मीणा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेल के वरिष्ठ अधीक्षक यूपी मिश्रा, जेलर जेके यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, एक हेड वार्डर और तीन वार्डर को सस्पेंड कर दिया। विभागीय जांच के आदेश भी दिए। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉक्टर तरह लागू करने की तैयारी है। यह सुविधा पूरी तरह कैशलेश है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 32 में से 30 प्रस्ताव पास हो गए। सिर्फ 14वां और 17वां प्रस्ताव ही रोका गया। बैठक में शहरी पुनर्विकास नीति 2026 को मंजूरी दे दी गई। पीड़ितों को सरकारी आवास और भूमि का पट्टा दिया जाएगा। बहराइच में राजस्व ग्राम परतापुर पर सहित अन्य ग्रामों में आपदा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास के लिए भूमि की व्यवस्था करने के निर्देश सीएम में दिए थे। 29 लोग नदी पार कर रहे थे जिनमें 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी। आपदा प्रभावित गांव का हवाई संरक्षण किया गया और परतापुर के गांव के लोगों को पुनर्वासित किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिया गया। 136 परिवारों को जमीन का पट्टा दिया जाएगा और उनके आवास का भी पट्टा होगा और मुख्यमंत्री आवास के तहत आवास दिया जाएगा जितनी खेती की जरूरत होगी वैसे ही उनका खेती के लिए भी पट्टा दिया जाएगा।

दैनिक राजपथ समाचार पत्र में खबरों व विज्ञापन हेतु संपर्क करें।

शुभम वार्ष्णेय

FaceBook : Rajpath Hathras
Youtube : RajpathCityNews

विज्ञापन प्रमुख : पवन वशिष्ठ

नोट- उठावनी का प्रकाशन नि:शुल्क किया जाता है।
कार्यालय : गोपीगंज, सादाबाद गेट, हाथरस 204101

Website- Dainikrajpath.in
G-Mail- rajpathhathras@gmail,com
मो0 8791025202

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए बार कोड को स्कैन करें

दैनिक राजपथ

श्री बालाजी प्रकाशन के लिए प्रकाशक व मुद्रक श्रीमती संतोषी गुप्ता ने राहुल प्रिंटर्स, गोपीगंज सादाबाद गेट, हाथरस से मुद्रित कराकर राजपथ कार्यालय गोपीगंज, हाथरस से प्रकाशित किया।

संपादक- संतोषी गुप्ता
मो०- 9897174736